खबर संक्षेप



## 3.5 लाख की अवैध शराब और कार जब्त आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** नागौद पुलिस ने 3.5 लाख की अवैध शराब जब्त की है। इस सिलसिले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से डिजायर कार क्रमांक **UP**14**BJ**7046 जप्त की गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गश्त के दौरान यह सूचना प्राप्त हुई कि हरीश सिंह परिहार अपनी सफेद रंग की कार क्रमांक **UP**14**BJ**7046 से अवैध शराब लेकर जसो रोड़ होते हुए अपने घर मढ़ी कलां की तरफ जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इटमा पार जसो रोड़ नागौद पर नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान सफेद रंग की उक्त कार आती दिखी,जिसे रोककर ड्राइवर से पूछताछ की गई। उसने अपना नाम हरीश सिंह परिहार पिता जितेन्द्र सिंह परिहार उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम मढ़ी कलां, थाना नागौद, बताया। कार की तलाशी लेने पर पिछली डिग्गी में 12 नग खाकी रंग के कार्टून की पेटियाँ रखी मिलीं। इन पेटियों में प्रिंस लाल, प्रिंस सफेद और प्रिंस लेमन देशी मदिरा प्लेन शराब के कुल 600 पाव थे, जिनकी मात्रा 108 लीटर और अनुमानित कीमत 56,500 रुपये है। आरोपी शराब के परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज़ नहीं दिखा सका। आरोपी के इस कृत्य पर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम किया गया है। पुलिस ने मौके पर अवैध शराब और परिवहन में इस्तेमाल की गई पुरानी डिजायर कार को जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

## एसआईआर कार्य में लापरवाही करने पर पटवारी निलंबित

**सतना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में सतना जिले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 63 में बीएलओ सुपरवाइजर के रूप में नियुक्त हल्का पटवारी मटेहना अनिल कुमार सिंह को आवंटित मतदान केन्द्रों में संतोषजनक प्रगति नहीं पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विकास सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार बीएलओ सुपरवाइजर अनिल कुमार सिंह का मतदान केन्द्र क्रमांक 34 ,38, 198, 11 99, 200, 201,202, 203,204 एवं 205 का बीएलओ सुपरवाइजर नियुक्त किया गया था। लेकिन एसआईआर का कार्य प्रारंभ होने के बाद अब तक संबंधित मतदान केन्द्रों की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई। हल्का पटवारी मटेहना और बीएलओ सुपरवाइजर अनिल कुमार सिंह द्वारा कार्य में लापरवाही और स्वेच्छाचारिता बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय नागौद नियत किया गया है।

# पन्ना नाका पर 'ट्रैफ़िक का तांडव'





**मासूम स्कूली बच्चों समेत सैकड़ों वाहन फँसे; शहर में जाम से हाहाकार!**

सतना। मंगलवार की दोपहर सतना-पन्ना रोड पर पन्ना नाका के पास एक बार फिर भीषण जाम की स्थिति बन गई। स्कूल की छुट्टी के समय यह जाम लगा,जिसमें मासूम स्कूली बच्चों को ले जा रहे वाहनों सहित सैकड़ों गाड़ियां घंटों फंसी रहीं। सतना शहर के इस सबसे व्यस्त मार्ग पर जाम लगना अब रोज की कहानी बन चुका है,जिससे आम जनता को हर दिन भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह केवल पन्ना नाका की समस्या नहीं है। शहर के अन्य प्रमुख चौक-चौराहे,जैसे कोठी मोड़,ओवरब्रिज, सर्किट हाउस चौराहा,रीवा रोड,और सिमरिया चौक भी वाहनों के असहनीय दबाव के कारण लगातार जाम की गिरफ्त में रहते हैं।

### यातायात व्यवस्था चौपट, स्थाई हल नदारद

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह समस्या स्थाई रूप से विकराल हो चुकी है,लेकिन अभी तक कोई ठोस और स्थाई समाधान नहीं निकाला गया है। यातायात व्यवस्था की हालत इतनी खराब है कि मुख्य सड़कों के अलावा,शाम होते ही बाज़ार क्षेत्र और स्टेशन रोड जैसे अंदरूनी इलाकों में भी जाम लग जाता है। जय स्तंभ चौक की स्थिति भी दयनीय बनी रहती है। प्रशासनिक लापरवाही और ट्रैफिक मैनेजमेंट की विफलता का खामियाजा शहर की जनता,खासकर छात्रों और दैनिक यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। प्रतिदिन घंटों बर्बाद हो रहे हैं और लोगों का सब्र जवाब दे रहा है,लेकिन सड़कों पर यह 'ट्रैफ़िक का तांडव' बदस्तूर जारी है।

# मैहर धाम में आस्था पर चोटः मां शारदा के आभूषण चोरी का सनसनीखेज आरोप

**प्रधान पुजारी को नोटिस,'साजिश' बताकर दी सफाई**

**मैहर। मध्य प्रदेश की धार्मिक नगरी मैहर में स्थित मां शारदा मंदिर के प्रधान पुजारी पर चांदी के छत्र और सोने की नथ के कथित गबन का सनसनीखेज आरोप लगा है। यह मामला तब और गरमा गया जब मैहर जिला प्रशासन द्वारा प्रधान पुजारी को जारी किया गया जांच नोटिस सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो गया,जिससे लोगों की धार्मिक आस्था को गहरी चोट पहुंची है। कथित चोरी के इस आरोप ने पवित्र मंदिर की प्रबंधन व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।**



### दान-पात्र की बजाय पुजारी के हाथ में चढ़ावा

पूरा मामला 22 अक्टूबर 2025 का है। जबलपुर निवासी व्यवसायी संजय पटेल ने माता शारदा को लगभग 2 किलो चांदी का एक छत्र, एक चांदी का मुकुट और एक बहुमूल्य सोने की नथ अर्पित की थी। दानदाता के अनुसार, सायंकाल आरती से ठीक पहले यह कीमती भेंट मंदिर के सेवक सुमित महाराज (जिनका नाम प्रधान पुजारी से जुड़ा है) को सौंपी गई थी। आरोप है कि लाखों रुपये के इस चढ़ावे की न ही दानदाता को कोई रसीद दी गई और न ही नियमानुसार इसे तुरंत मंदिर के कोषालय में जमा किया गया। दानदाता को संदेह हुआ कि उनके द्वारा अर्पित कीमती सामान को खुर्द-बुर्द कर दिया गया है।

### कलेक्टर को शिकायत के बाद प्रशासन हुआ सख्त

जब एक हफ्ते तक दान किए गए सामान की रसीद नहीं मिली,तो 30 अक्टूबर 2025 को दानदाता संजय पटेल ने मैहर कलेक्टर को दूरभाष पर इसकी मौखिक शिकायत की। शिकायत में स्पष्ट रूप से कहा गया कि 22 अक्टूबर को दोपहर 2:55 बजे अर्पित किया गया बहुमूल्य चढ़ावा मंदिर समिति के खजाने में जमा ही नहीं हुआ है। कलेक्टर को मिली इस शिकायत पर मैहर जिला प्रशासन ने तत्काल प्रारंभिक जांच के आदेश दिए। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि दानदाता द्वारा अर्पित की गई ये बहुमूल्य वस्तुएं आधिकारिक रूप से मंदिर समिति को प्राप्त नहीं हुई थीं। इसी आधार पर,मंदिर के प्रधान पुजारी पवन महाराज को एक कड़ा नोटिस जारी किया गया। नोटिस में स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है कि यदि उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया जाता है,या वे जवाब देने में विफल रहते हैं,तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह नोटिस अब सोशल मीडिया पर वायरल होकर विवाद का केंद्र बन गया है,जिससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंच रही है।

### प्रधान पुजारी बोले साजिशन बदनाम किया जा रहा

कथित चोरी और गबन के इन आरोपों पर प्रधान पुजारी पवन महाराज ने अपना पक्ष रखते हुए इसे पूरी तरह से एक साजिश बताया है। उन्होंने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि दानदाता ने स्वयं मिन्नत की थी कि छत्र, मुकुट और नथ को एक हफ्ते तक माता के पास ही रखा जाए। दानदाता ने मुझसे आग्रह किया था कि ये कीमती सामान एक सप्ताह तक माता के चरणों में ही रखा जाए। उनका आग्रह मानकर हमने ऐसा ही किया। इसके बाद 28 तारीख को यह सारा सामान मंदिर के कोषालय में जमा किया जा चुका है। यह पूरी घटना मुझे साजिशन बदनाम करने की नीयत से रची गई है,मैं प्रशासन को इसका पूरा जवाब दूंगा।

### प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार

दूसरी ओर,मैहर जिला प्रशासन इस मामले को अत्यंत गंभीरता से ले रहा है। प्रशासन का कहना है कि नोटिस जारी कर दिया गया है और प्रधान पुजारी का लिखित जवाब आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्टर ने क्या कहा

हमें दूरभाष पर शिकायत मिली थी,जिसके आधार पर हमने जांच शुरू की और प्रधान पुजारी को नोटिस जारी किया। चूंकि मामला धार्मिक आस्था से जुड़ा है, इसलिए पारदर्शिता बनाए रखना आवश्यक है। प्रधान पुजारी का जवाब आने के बाद, हम तथ्यों के आधार पर नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई करेंगे। किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### ...लेकिन नहीं उठा रहस्य पर्दा

लगभग एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी इस रहस्य से पर्दा नहीं उठ पाया है कि दान की गई वस्तुएं कोषालय में तुरंत क्यों नहीं जमा की गईं,और क्या पुजारी द्वारा 28 अक्टूबर को जमा करने का दावा सही है। नोटिस के वायरल होने से मंदिर की पवित्रता और प्रबंधन पर उठे सवालों ने भक्तों को आंदोलित कर दिया है,और वे इस मामले में जल्द से जल्द दूध का दूध,पानी का पानी होने की उम्मीद कर रहे हैं।

# दहशतगर्द गिरफ्तार: महिला से लूटपाट की कोशिश करने वाला शातिर सलाखों के पीछे

### कोतवाली पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, अपराधी पहुंचा जेल



**सतना।** पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के सख्त निर्देश पर कार्रवाई करते हुए,सिटी कोतवाली पुलिस ने महिला से लूट का दुस्साहसिक प्रयास करने वाले मुख्य आरोपी को धर दबोचा है। यह गिरफ्तारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) डॉ.शिवेश सिंह बघेल और नगर पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के सशक्त मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली,रावेन्द्र द्विवेदी और उनकी टीम की सक्रियता का परिणाम है।

### थर्रा देने वाला घटनाक्रम

शिकायतकर्ता अर्पिता शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जब वह अपने किराए के मकान से ड्यूटी के लिए निकलीं और जगतदेव तालाब पेट्रोल पंप के पास पहुंची,तो मोटरसाइकिल क्र. MP19ZK-3994 पर सवार तीन बदमाशों में से एक ने उन्हें रोका। अपराधी ने बेखौफ होकर गाली-गलौज की और उनकी सोने की चेन छीनने का जघन्य प्रयास किया। इस गंभीर मामले में तुरंत धारा 296(बी), 309(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

### अपराधियों को पकड़ने के लिए गठित

तेज-तर्रार टीम ने मोटरसाइकिल के रजिस्ट्रेशन नंबर और सीसीटीवी फुटेज को खंगालते हुए फरार आरोपियों की पहचान की। घटना के बाद से लगातार छिपे फिर रहे मुख्य आरोपी को दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपी,प्रिंस सोनी पिता राकेश सोनी,उम्र 22 वर्ष,निवासी लखन चौराहा टिकुरिया टोला,थाना कोलगवां को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से माननीय न्यायालय ने उसे सीधे जेल भेज दिया। एक अन्य आरोपी नाबालिग है। अपराध में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और 500 नकद,जिसकी कुल अनुमानित कीमत 70,000 है,जब्त कर ली गई है।

# बोतल चढ़ी होने पर भी कैंटीन में सिगरेट पीता दिखा मरीज, वीडियो वायरल!




**सतना।** सिविल अस्पताल अमरपाटन से एक मरीज की हैरान कर देने वाली लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां इलाज के लिए भर्ती एक मरीज को ड्रिप (बॉटल) चढ़ी हुई थी,इसके बावजूद वह अस्पताल परिसर में स्थित कैंटीन तक पहुंच गया और सरेआम सिगरेट पीता दिखा। मरीज का यह कृत्य न केवल अस्पताल के स्वास्थ्य नियमों का सीधा उल्लंघन है,बल्कि यह अस्पताल की सुरक्षा और मरीजों की निगरानी व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। बताया जा रहा है कि इस पूरी घटना का वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है, जिसके बाद लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।एक ओर जहां अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ मरीजों को स्वस्थ करने की जिम्मेदारी निभा रहे हैं,वहीं दूसरी ओर मरीज का यह रवैया घोर लापरवाही की हद को दर्शाता है।

### कैंटीन पर भी गंभीर आरोप

आरोप है कि अस्पताल की इस कैंटीन में नशे का सामान आसानी से उपलब्ध है,जिसने इस पूरे मामले को और भी गंभीर बना दिया है। पूरे मामले पर सतना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने संज्ञान लिया है। उन्होंने इस लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कैंटीन ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# बिरसा मुंडा देशभक्ति की भावना के प्रखर पुंज







## राज्यपाल ने मझगवां के बांका में किया भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण

**सतना।** मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा देशभक्ति की भावना के प्रखर पुंज थे। उन्होंने मात्र 25 वर्ष की अवस्था में जनजातीय समाज के उत्थान और कल्याण के कार्यों से महापुरुष बनकर अमर हो गए। राज्यपाल श्री पटेल मंगलवार को सतना जिले के मझगवां विकासखंड के दूरस्थ आदिवासी अंचल के ग्राम बांका में भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा अनावरण समारोह और जनजातीय विकास सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर केंद्रीय सरकार के जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके,नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, विधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार,रामपुर बघेलान विक्रम सिंह,जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल,जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह,दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन, डीआरआई के अध्यक्ष पुरणेंद सक्सेना,बिरसा मुंडा समिति की अध्यक्ष सोना बाई,संत मदनदास, कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद,आईजी गौरव राजपूत,कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस,पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह,डीएफओ मयंक चांदीवाल सहित बड़ी संख्या में जनजाति समुदाय के प्रतिनिधि उपस्थित थे। राज्यपाल श्रीमंगुभाई पटेल ने कहा कि जनजाति समाज के लिए हमारे बुजुर्गों ने जो समाज सुधार के कार्य किए हैं। उनसे प्रेरणा लेकर हम समाज को कैसे ऊंचाइयों पर ले जाएं इसका प्रयास करना चाहिए। राज्यपाल ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार की जनजाति कल्याण की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि जन मन योजना के तहत केंद्र सरकार ने 24 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इनमें 9 विभागों को जोड़कर जनजाति कल्याण और विकास के कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना के तहत पूरे देश में 80 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसी तरह जनजाति क्षेत्रों में आदि कर्मयोगी योजना के माध्यम से भी जनजाति समुदाय के कल्याण के कार्य किये जा रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि जनजाति समुदाय में प्रचलित अनुवांशिक बीमारी सिकल सेल एनिमिया की जांच और उपचार के व्यापक प्रबंध राज्य में किए गए हैं। अब तक प्रदेश में एक करोड़ 25 लाख व्यक्तियों की जांच की गई है और एक करोड़ डिजिटल कार्ड बांटे गए हैं।

## राज्यपाल मंगुभाई पटेल सतना पहुंचे,एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत



मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज सतना जिले के एक दिवसीय प्रवास पर विशेष विमान से सतना एयरपोर्ट पहुंचे। उनके आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों,जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। एयरपोर्ट पर राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी,भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय,चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार,जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह परिहार,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र त्रिपाठी,विनोद तिवारी, चन्द्र कमल त्रिपाठी,नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी,जिला महामंत्री रमाकांत गौतम,अशोक गुप्ता, मुरारी सोनी,शुभम तिवारी,जय प्रताप गुप्ता,अनिल सचदेव,सुनील सेनानी,अभिषेक तिवारी,जिला मीडिया प्रभारी श्यामलाल गुप्ता श्यामू,संजय अग्रवाल सहित अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**
**सूचना**
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### सीएमएचओ ने किया अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण



**पन्ना।** जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (ब्डभ्व्) ने आज अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्व, प्रसूति वार्ड, दवा वितरण केंद्र, लैब तथा साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया गया। सीएमएचओ ने मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, उपकरणों की कार्यशीलता और स्टाफ की उपस्थिति की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान कुछ कमियों पर संबंधित अधिकारियों को तुरंत सुधार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना विभाग की प्रथम प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 30 महिलाओं का सफल नसबंदी ऑपरेशन



**अमानगंज।** अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन अभियान के तहत मंगलवार को 30 महिलाओं की नसबंदी के सफल ऑपरेशन किए गए। सभी ऑपरेशन विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा सुरक्षित तरीके से संपन्न कराए गए। डॉ जयपाल अहिरवार बीएमओ अमानगंज ने बताया कि ऑपरेशन के बाद सभी महिलाओं की स्वास्थ्य स्थिति सामान्य है और उन्हें आवश्यक दवाइयाँ व निर्देश प्रदान किए गए हैं। स्वास्थ्य केंद्र प्रबंधन ने बताया कि परिवार नियोजन के प्रति महिलाओं में जागरूकता बढ़ रही है, जिसके चलते ऑपरेशन कैंप में अच्छी संख्या में महिलाएँ पहुँचीं।

### शाहनगर में सीएम के आगमन से पहले आईजी ने किया दौरा, सुरक्षा तैयारियाँ पूरी

**शाहनगर।** मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए मंगलवार को आईजी ने शाहनगर पहुंचकर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर, एसपी और स्थानीय विधायक भी मौजूद रहे तथा तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। जिले की पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने बताया कि यह पहला अवसर है जब कोई मुख्यमंत्री अपने पद पर रहते हुए शाहनगर में आमसभा करने जा रहे हैं, ऐसे में यह कार्यक्रम बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा प्रबंधन को लेकर सभी आवश्यक इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं, और प्रशासनिक टीम पूरी तरह सतर्क है। सभा स्थल, मार्ग सुरक्षा, पार्किंग, भीड़ प्रबंधन और वीवीआईपी मूवमेंट संबंधी व्यवस्थाओं को लगभग अंतिम रूप दे दिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस व प्रशासनिक दलों को पहले ही निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री बुधवार दोपहर लगभग 2 बजे हेलीकॉप्टर से शाहनगर पहुँचेंगे और निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आमसभा को संबोधित करेंगे।

### किलकिला नहर खुदाई में बड़ा हादसा, मजदूर का पैर फैक्चर



**पन्ना।** जिले की महत्वाकांक्षी किलकिला नहर परियोजना की खुदाई के दौरान आज दोपहर एक हादसा हो गया। इस घटना में गुलायची मोहल्ला पन्ना निवासी 55 वर्षीय मोहम्मद अनवर, पिता इब्राहिम मोहम्मद, घायल हो गए। नहर का मिट्टी धंसने से उनका एक पैर फैक्चर हो गया और शरीर में अन्य चोटें आईं। घटना उस समय हुई जब अनवर नहर खुदाई के कार्य में मजदूरी कर रहे थे। इस घटना ने कार्यस्थल पर मजदूर सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि ठेकेदार द्वारा मजदूरों की सुरक्षा पर ध्यान नहीं दिया गया। स्थानीय लोगों ने यह भी चिंता जताई है कि नहर के किनारे रहने वाले मजदूर परिवारों और अन्य स्थानीय लोगों के आने-जाने के लिए कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं है, जिससे उन्हें परेशानी होती है। यह कार्य सिंचाई विभाग के एसडीओ और इंजीनियर की देखरेख में चल रहा है। घटना के बाद, कार्य की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। यह घटना 18 नवंबर, 2025 के दोपहर 1 बजे घटित हुई।

---

लेटकर कलेक्ट्रेट में पहुंचकर जनसुनवाई में आवेदन देकर न्याय की मांग को लेकर उमाप्रसाद लोधी का मामला चर्चा में

# पवई विधायक के कारण नहीं मिल पा रहा न्याय, लगाया आरोप

**मामला जमीन में धरमदास लोधी के द्वारा अवैध तरीके से कब्जा करने को लेकर बताया जा रहा है**

जिले की रैपुरा तहसील अंतर्गत हल्का पटवारी महराजगंज का मामला जहां 50 बाई 100 फिट प्लाट की रजिस्ट्री उमाप्रसाद लोधी ने कराई थी। जिस पर धरमदास लोधी के द्वारा अवैध तरीके से कब्जा करके मकान बनाये जाने का मामला जनसुनवाई पहुंचा जिला मुख्यालय एसडीएम कौषल सिंह गौतम को आवेदन सौंपा गया।





पन्ना।

चर्चा में संरक्षण पवई विधायक का धरमदास लोधी के ऊपर बताने की बात उमाप्रसाद लोधी फरियादी कर रहा था। सोषल मीडिया में चर्चा का विषय दंड भरते हुए कलेक्ट्रेट के अंदर आवेदन देने पहुंचा। अब सवाल यह उठता है कि कलेक्ट्रेट कार्यालय के अंदर ही लेट गया या कि रैपुरा से लेटकर आया यह तो जांच का विषय है। वहीं पवई विधायक प्रहलाद लोधी के ऊपर आरोप क्यों? सुर्खियों में मामला। वहीं जब पवई विधानसभा के शाहनगर में आज मध्यप्रदेष सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन होने जा रहा है। तो यह मामला यहां स्वमेव चर्चा में है। इसके पीछे क्या राज है जो अपने आप में चर्चा का विषय के साथ-साथ जांच को लेकर बना हुआ है। वैसे जनसुनवाई के बाद एसडीएम शाहनगर के लिए लेख किया गया है। जहां जिले के शाहनगर तहसील मुख्यालय में मध्यप्रदेष सरकार के मुखिया सीएम डॉ. मोहन यादव का आगमन आज होने जा रहा है वहीं समाचार लिखे जाने के पूर्व जनसुनवाई का मामला जो सोषल मीडिया में सुर्खियां बटोर रहा है उमाप्रसाद लोधी नामक व्यक्ति पन्ना जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट में कार्यालय के अंदर दंड भरते हुए जनसुनवाई में अपना आवेदन देने पहुंचा। एसडीएम कौषल सिंह गौतम को आवेदन दिया। मामला तहसील रैपुरा अंतर्गत पटवारी हल्का महाराजगंज का है जहां उमाप्रसाद लोधी ने 50 बाई 100 फिट की जमीन की रजिस्ट्री कराई थी। जिस पर धरमदास लोधी नामक व्यक्ति अवैध तरीके से मकान बनाकर कब्जा कर रहा है। न्याय नहीं मिल पा रहा यह बात कही जा रही थी जनसुनवाई में इसके पीछे पवई विधायक का सरंक्षण धरमदास लोधी पर बताया जा रहा है। जिस कारण से उमाप्रसाद लोधी को न्याय नहीं मिल पा रहा। अब इस मामले में पड़ताल की गई तो जहां तहसीलदार रैपुरा संतोष आर्या से बात की गई क्या इस तरह का कोई मामला आपके न्यायालय में आया। तो तहसीलदार ने जवाब दिया जानकारी नहीं। वहीं पटवारी हल्का महराजगंज परमवीर जैन से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाईल ही स्विचऑफ जा रहा था। गौरतलब बात यह है कि धरमदास नामक व्यक्ति अगर इनकी जमीन में अवैध तरीके से कब्जा कर रहा था तो रैपुरा तहसील में स्टे को लेकर कार्यवाही उमाप्रसाद लोधी के द्वारा अगर की गई होगी तो तहसीलदार को जानकारी जरूर होना चाहिए पर तहसीलदार रैपुरा का कहना इस तरह का मामला कोई भी जानकारी तक में नहीं है इससे साफ जाहिर होता है कि पन्ना कलेक्ट्रेट तक दंड भरके आवेदन देने के पीछे विधायक के नाम पर आरोप आखिर क्यों? आखिर इसके पीछे क्या है राज क्या कोई राजनैतिक खेल है। या फिर रैपुरा तहसील में इस मामले को दबाया गया। वहीं पटवारी का मोबाईल नम्बर स्विचऑफ जा रहा था जिससे मामले की पड़ताल तह से कुछ दूर रह गई। निष्चितौर पर इस मामले को लेकर जहां पटवारी से ही राज खुल सकता है आखिर क्या है सच्चाई। गौरतलब बात यह है कि उमाप्रसाद लोधी पवई विधायक का छायाचित्र छपी हुई टी-षर्ट पहने हुए था। और पवई विधायक प्रहलाद लोधी पर ही आरोप लगाना कहीं न कहीं मामले में अलग ही अंदाज चल पड़ है। आखिर इसके पीछे क्या है राज सीएम के आगमन के पहले इस तरह से जिला मुख्यालय में जनसुनवाई में दंड भरके आवेदन न्याय की मांग को लेकर किया गया है। विधायक के कारण न्याय नहीं मिल पा रहा है सोषल मीडिया में चर्चा का विषय बनी हुई यह दास्ता सुर्खियां बटोर रही। आखिर दंड भरने की कवायत कलेक्ट्रेट कार्यालय पन्ना के अंदर ही नजर आई है। वहीं तहसीलदार रैपुरा के न्यायालय में स्टे को लेकर अगर कोई मामला चल रहा होता तो तहसीलदार को भी जानकारी होना चाहिए जो साफ कह रहे है कि मेरी जानकारी में नहीं है। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि आखिर क्या है राज? क्या राजनैतिक रूप से विधायक के ऊपर आरोप लगाकर स्वयं चर्चा में आना चाहते है उमाप्रसाद लोधी। यह तो जांच के बाद ही होगा साफ क्या है राज।

---



## विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रखंड गुनौर द्वारा 'संस्कार सप्ताह' के तहत 'रन फॉर हेल्थ' का कार्यक्रम संपन्न

**नशा तोड़ता है भारत का बल, छोड़ो नशा अपनाओ बजरंग दल**

**गुनौर।** बजरंग दल द्वारा युवाओं को नशा के प्रति जागरूक करने के लिए नगर परिषद गुनौर में ष्संस्कार सप्ताहष के तहत श रन फॉर हेल्थश का आयोजन किया गया जिसमें महिला वर्ग एवं पुरुष वर्ग दोनों इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया श्रन फॉर हेल्थ दौड़ प्रतियोगिता में सम्मलित हुए युवा युवतियों में प्रथम स्थान ला कर जीतने वाली प्रतिभागियों का शील्ड ,स्कूल बैग एवं सम्मान राशि देकर उत्साह वर्धन किया गया। पुरुष वर्ग से प्रथम स्थान रहे नागेंद्र सिंह, द्वितीय स्थान रहे सुशील यादव तथा तृतीय स्थान खुसीराम प्रजापति ने प्राप्त किया। वही महिला वर्ग से प्रथम स्थान रजनी कुशवाह,द्वितीय स्थान दुर्गंशी प्यासी तथा तृतीय स्थान बहिन रूपा पाल ने प्राप्त किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे पधारे डॉ. एस.के.बिलथरिया ने अपने उद्बोधन से सहभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा नशे से दूरी बनाए रखने की सलाह दी। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की ओर से जिला सह संयोजक निखिल खरे प्रखंड अध्यक्ष रवि बड़गैया, प्रखंड मंत्री सुरेश द्विवेदी, प्रखंड, उपाध्यक्ष ब्रिजेश कटेहा, लोकेंद्र यादव, बजरंग दल सह संयोजक सत्यम शर्मा, सत्संग प्रमुख सुरंद्र रामायणी तथा बजरंग दल कार्यकर्ता के रूप में मोहित तिवारी एवं अंकित सोनी सहित सैकड़ों की संख्या में बजरंगी दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## सलेहा नगर में हुआ भव्य पिछी परिवर्तन समारोह, आर्यिका विद्वत श्री को शास्त्री प्रवीण की उपाधि से किया गया अलंकृत

सलेहा -



संतों के चरणों की रख पाने के लिए हर व्यक्ति तरसता है। जो जल मान एक क्षण के लिए उनके चरणों पर छोड़ा गया है, उस चरणोदक को माथे पर लगाकर अपना अहोभाग्य मानता है। फिर संतों के हाथ में जो एक वर्ष तक रही हो, जिसे एक पल के लिए भी संतों ने दूर न किया हो, जिससे अनंत जीवों की रक्षा की हो, जिसे हाथ में लेकर अनेकों व्रत, नियम, संयम का पालन, भगवत स्तुति एवं अनेकों मंल जाप्य की हों, उस पिच्छि की महिमा के विषय में तो कहना ही क्या, वह वह तो अपने आप में अनुपमेय ऐसी पिच्छि जिसके घर में पहुँच जाती है, वहाँ श्रद्धालु भक्तों के रोग, शोक, भय एवं भूत-परीत की संपूर्ण बाधायें स्वतः ही किनारे हो जाती हैं। पिच्छिका परिवर्तन का यह अवसर निश्चित ही भव्यात्माओं के हृदय में संयम के भाव जागृत कर रहा होगा। कई स्थानों पर जब यह अवसर आया तो बड़े -२ सेठों ने आकर मुझसे कहा-हम लोग व्रत-नियम तो नहीं ले सकते। पिच्छि की बोली होना चाहिए। मैंने कहा- नहीं, विच्छि धार्मिक/संयम का उपकरण है। यह धार्मिक व्यक्ति की परीक्षा पूर्वक अर्थात व्रत- नियम, संयम ग्रहण करने पर ही दी जायेगी, ताकि उनके अंदर धार्मिक भावना और अधिक प्रबल हो सके। संयम के उपकरण की कीमत पैसों से नहीं, संयम से ही हो सकती है। पैसे बहुत कुछ हो सकते हैं लेकिन सब कुछ नहीं। पैसों से भी बहुमूल्य यदि. कोई वस्तु है तो वह संयम है। इसलिए संयम के उपकरण को संयमधारी ही लेने व देने का अधिकारी है, अन्य नहीं। अतः हम अपने जीवन में संयम के भाव जगायें। नई नहीं तो पुरानी पिच्छि अवश्य पायें। प.पू. भारत गौरव गणिनी आर्यिका गुरुमाँ विन्ध्यश्री माताजी का मंगल आशीर्वाद परम पूज्य राष्ट्रसंत गणाचार्य गुरुवर श्री 108 विराग सागर जी महा मुनिराज की शिष्या परम पूज्या भारत गौरव संस्कार दर्शिका श्रमणी ज्ञानमूर्ति गणिनी आर्यिका शिरोमणि गुरु माँ 105 विन्ध्य श्री माताजी की संघस्थ आर्यिका परम पूज्या श्रमणी आर्यिका 105 विद्वतश्री माताजी को 50वें श्विद्वत स्वर्णोत्सवश पर सकल दिगम्बर जैन समाज, पूर्वांचल एवं गुरु माँ विन्ध्य श्री भक्त परिवार ढेर सारी शुभकामनाओं सहित कोटि-कोटि वंदामि करते हुए कृतज्ञता ज्ञापित करता है। वास्तु शास्त्र में आपकी गहरी पैठ, समाज को एक आशा की किरण प्रस्फुटित करने वाली है। हम सभी श्विद्वत स्वर्णोत्सवश पर आपके उत्कृष्ट तप-संयम, साधना युक्त जीवन की कामना करते हैं। आपको अनंत शुभकामनायें प्रेषित करते हुए, आपके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए आपको श्वास्तु प्रवीणश की उपाधि से अलंकृत करते हैं। पूज्य माता जी की पुरानी पिच्छिका लेने वाले परिवार परम पूज्य भारत गौरव गणिनी मार्यिका गुरु माँ 105 विन्ध्य श्री माता जी की पुरानी पिच्छिका मिलने का सौभाग्य श्रीमान राजकुमार जी/अंजना जैन, देवेन्द्रनगर (सतना) वालो को प्राप्त हुआ। परम पूज्या श्रमणी आर्यिका 105 विद्वत श्री माता जी की पुरानी पिच्छिका मिलने का सौभाग्य श्रीमति अर्चना जैन, अंकित, आगम जैन अप्पू को प्राप्त हुआ। श्रमणी आ. सुनंदन श्री माता जी को पुरानी पिच्छिका मिलने का सौभाग्य श्रीमान संयम (लेली)/रुपाली जैन को मिला। क्षु. सुचंदन श्री माता जी की पुरानी पिच्छिका मिलने का सौभाग्य श्रीमान पवन जैन मनीष जैन रितु जैन (सलेहा) को प्राप्त हुआ।

---

# मध्यान भोजन में लापरवाही का आलम
## अधिकारी नहीं कर रहे कार्यवाही, बच्चों के सेहत से खिलवाड़

**अमानगंज नगर व पवई नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में परोसा जा रहा दूषित भोजन**

**निर्मला ज्योति महिला मंडल स्व सहायता समूह पन्ना द्वारा संचालित हो रहा मिड डे मील**

अमानगंज। पन्ना



जिले में निर्मला ज्योति महिला मंडल स्व सहायता समूह द्वारा संचालित मिड डे मील योजना में गंभीर गड़बड़ी की जानकारी मिली है। बच्चों को पौष्टिक भोजन की बजाय गुणवत्ताहीन और अस्वच्छ खाना दिया जा रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा। "मिड डे मील योजना का उद्देश्य स्कूली बच्चों को पोषण युक्त भोजन प्रदान करना है। लेकिन पन्ना में हालात इसके उलट हैं। कई बच्चों को अधपका या बासी खाना दिया जा रहा है। ताजा मामला जो सामने निकल कर आया है वह अमानगंज पीएम श्री बालक शाला एवं अमानगंज संस्कृत बालक शाला का है। जहां बच्चों को पानी युक्त सब्जी, बिना टमाटर और मसाले के परोसी जा रही है तो वहीं आधीजली और अधपकी रोटियां परोस कर बच्चों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। मंगलवार की दोपहर 12:00 बजे मिली जानकारी के अनुसार यह भोजन पन्ना से आता है। जिस मिड डे मील का निर्मल ज्योति महिला मंडल चल सहायता समूह पन्ना द्वारा संचालित किया जा रहा है वहीं से यह भोजन पैक कर अमानगंज, पवई एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों तक पहुंचाया जा रहा है जो सुबह का बना भोजन दोपहर 2:00 बजे तक बच्चों तक पहुंचता है जो कहीं ना कहीं बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ है, तस्वीरों में आप देखकर अंदाजा लगा सकते हैं कि किस तरह से बच्चों को यह मिड डे मील भोजन के नाम पर सिर्फ पानी और जली रोटी परोस रहा है। वही इस विषय को लेकर जब रसोइयों से बात की गई तो बताया जा रहा है कि कभी भी मेनू के अनुसार भोजन बच्चों को नहीं दिया जा रहा है दूध के नाम पर पानी तक नहीं नसीब हो रहा है।

---

## अजयगढ में दर्दनाक हादसाः तेज रफ्तार बुलेरो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटी, दो की मौत, एक गंभीर घायल

अजयगढ़।



पन्ना में एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला। जहां एक तेज रफ्तार बुलेरो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बुरी तरह पलट गई। घटना में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हुए जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। अजयगढ थाना प्रभारी बखत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बुलेरो क्रमांक यूपी-90, यू-6908 में सवार होकर तीन लोग जिसमे नीरज यादव पिता बृंदावन 28 वर्ष, अमित अवस्थी पिता मूलचंद्र 31 व लल्लू राजपूत पिता मइयादीन 30 वर्ष करतल से अजयगढ की ओर आ रहे थे तभी संतराम ढाबा के पास अचानक बुलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई घटना के बाद घायलो को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजयगढ लाया गया जहां नीरज व अमित की मौत हो गई वही गंभीर रूप से घायल लल्लू राजपूत को प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने की वजह से जिला अस्पताल रेफर किया गया जहां उसका उपचार जारी है। उन्होंने बताया कि घटना के सही कारणों का अभी पता नही चल पाया है पुलिस मौके पर पहुंची है और घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को जानकारी दे दी है। परिजनों के आटे ही पंचनामा कार्यवाही उपरांत शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। बतादें की घटना का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बुलेरो बुरी तरह चकनाचूर हो गई है।

---

## सिमरिया रोड पर हादसा: सीमेंट प्लांट के पास कार ने बाइक को मारी टक्कर, 3 लोग गंभीर रूप से घायल





अमानगंज।

सिमरिया मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित सीमेंट प्लांट के पास आज एक चार पहिया वाहन ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें एक महिला भी शामिल है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार अचानक तेज गति से आती हुई बेकाबू हो गई और सामने से आ रही मोटरसाइकिल से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चालक व सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए घायल में बाइक चालक जितेंद्र पिता सूरज बेलथरे उम्र 28 वर्ष निवासी तिघरा बेनी प्रसाद पिता लम्पा अहिरवार उम्र 47 वर्ष निवासी बोदा एवं कोमल कली पति लंम्पा अहिरवार निवासी वोदा घायल है।

---

## खोरा में 15 करोड़ की लागत से बने महाविद्यालय की बिल्डिंग का विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने किया भूमिपूजन

खोरा/अजयगढ़।



अजयगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचयात खोरा की इतिहासिक मांग पूरी होने पर पन्ना विधायक ब्रजेंद्र प्रताप सिंह ने शासकीय महाविद्यल खोरा का भूमि पूजन कर जनता के बीच अपनी अलौकिक छवि कायम कर क्षेत्र को विकास के सेतु से जोड़ने की बात कही व क्षेत्र वासियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम को संबोधित किया। मा. ब्रजेंद्र ने अपने अभिभाषण मे शिक्षा, स्वास्थ, व सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दी। वही दूसरी ओर शिक्षा विद महारथी प्रोफ़ेसर्श डॉ.डी.एस.चतुर्वेदी प्राचार्य, डॉ. एस.पी.एस.परमार पूर्व प्राचार्य डॉ.पी.पी.चतुर्वेदी, प्राध्यापक, डॉ.आनंद चौरसिया ,सहायक प्राध्यापक, डॉ.बी.एन.जायसवाल, सहायक प्राध्यापक, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना, डॉ.जे.के.वर्मा, प्राचार्य शा.महाविद्यालय खोरा, अरविल कुजूर, प्राचार्य शा.महाविद्यालय अजयगढ, सिद्धूसिंह प्राचार्य शा.महाविद्यालय गुनौर जे.पी.अहिरवार पूर्व प्राचार्य शा. महाविद्यालय खोरा को सम्मानित कर कार्यक्रम की आधार शिला रखी, इस कार्यक्रम मे बाबू राम , लाला राम जनपद सदस्य, रामरतन साहू (सरपंच भदैया) प्रेमश कुमार, जालंधर सिंह, राघवेंद्र कुमार, ठा. मानवेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला, उमेश निगम जी, चंद्र शेखर सिंह शिक्षक, बाबू लाल पूर्व सरपंच, शुभकानत (सरपंच खोरा) का साराहानिय योगदान रहा। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से रामायण लोधी, कौशल किशोर लोधी, महेंद्र राजा, धर्मेंद्र सिंह (मण्डल अध्यक्ष) की गरीमा पूर्ण उपथिति रही व साथ मे हिरामणि भुर्जी, चुरामणि भुर्जी, दिनेश बाबू जी, प्रमोद जी, राहुल जी, लल्लन जी, प्रसुन जी, विनोद जी, प्रो. नरेंद्र राजपूत जी, विक्रम जी, केदार सोनी जी, दादुराम पूर्व सरपंच, रतन सिंह, नरेंद्र सिंह, शुभम जी सहित हजारो मे लोग मौजूद रहे। कार्य क्रम का सफल संचालन राजकुमार रैक्वार और रोशन जी ने किया व कार्यक्रम का समार्पण उमेश निगम जी व चंद्रशेखर नन्ना द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप



### श्रद्धालुओं से भरी टैक्सी पलटी

घुवारा। अबार माता से दर्शन कर लौट रही महिलाओं से भरी एक टैक्सी अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें एक 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि करीब दर्जनभर महिलाएं घायल हो गईं। हादसा अबार माता मंदिर से लगभग एक किलोमीटर आगे अबार नाला के पास हुआ। जानकारी के अनुसार, महाराजगंज थाना बड़ामलहरा से करीब 13 महिलाएं किराए की टैक्सी से अबार माता के दर्शन करने गई थीं। दर्शन करके लौटते समय अचानक भैंसों का झुंड सड़क पर आने से वाहन चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और टैक्सी पलट गई। हादसे में गोरी बाई आदिवासी (60) की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घुवारा पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने एक महिला को मृत घोषित कर दिया तथा प्राथमिक उपचार के बाद 12 घायलों को बड़ामलहरा सिविल अस्पताल रेफर किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### समय पर नहीं खुल रहा बमनौरा कलां स्कूल, छात्र परेशान

छतरपुर। बड़ामलहरा विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत एक शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल में प्रिंसिपल की कथित मनमानी के चलते शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, स्कूल समय से नहीं खुल रहा है और अक्सर गेट पर ताला लगा रहता है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को बाहर खड़े होकर इंतजार करना पड़ता है। स्थानीय लोगों और छात्रों का कहना है कि यह लापरवाही न केवल शिक्षण कार्य को बाधित कर रही है, बल्कि बच्चों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ है। प्रशासन से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप और जांच की मांग की जा रही है। बमनौरा कलां स्थित हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्रिंसिपल बसंत लाल प्रजापति की कथित मनमानी चल रही है। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि प्रिंसिपल बसंत लाल प्रजापति की लगातार ऐसी लापरवाही के चलते स्कूल संचालन की समय सारणी पूरी तरह से बिगड़ गई है। इस मनमानी के कारण बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए, शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे तुरंत मामले का संज्ञान लें और प्रिंसिपल के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि स्कूल में समय पर शैक्षणिक गतिविधियाँ सुचारु रूप से चल सकें।

### साल भर में नहीं बन सकी सड़क, लोगों ने की शिकायत



छतरपुर। शहर के बस स्टैंड से नारायणपुर रोड तक सड़क निर्माण कार्य में डेढ़ साल से अधिक समय से चल रही धीमी गति के कारण स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क का काम अधूरा पड़ा है और अनियमित रूप से हो रहा है, जिससे वहाँ की स्थिति बेहद खराब हो गई है। स्थानीय निवासी रजनीश अग्रवाल ने बताया कि बस स्टैंड से नारायणपुर रोड का निर्माण कार्य लगभग डेढ़ साल पहले शुरू हुआ था, लेकिन काम की गति अत्यंत धीमी है, एक दिन काम होता है, तो 10 दिन बंद रहता है। उन्होंने बताया कि सड़क पर उडने वाली धूल-मिट्टी के कारण वहाँ रहने वाले लोगों को श्वास संबंधी और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने मंगलवार को नगर पालिका में आवेदन सौंपा है।

### दो वित्तीय संस्थाओं पर लगे धोखाधड़ी के आरोप



छतरपुर। दो वित्तीय संस्थाओं द्वारा की गई करोड़ों रुपए की कथित धोखाधड़ी से परेशान टीकमगढ़ जिले के दर्जनों पीड़ित न्याय की गुहार लगाने के लिए मंगलवार को छतरपुर पहुँचे। पीड़ितों ने दो चिटफंड कंपनियों पर बड़ी राशि का गबन करने का आरोप लगाया है। टीकमगढ़ जिले से आए लगभग 40 पीड़ितों ने बताया कि पीबी इंडिया निधि लिमिटेड और परिवार भविष्य म्यूचुअल बेनिफिट निधि लिमिटेड नामक दो चिटफंड कंपनियों ने करोड़ों रुपए का गबन किया है। पीड़ितों ने बताया कि उन्होंने इन कंपनियों में आर.डी. के रूप में बड़ी राशि जमा की थी, लेकिन समय पूरा होने के बाद भी कंपनी ने उन्हें भुगतान नहीं किया।

## रॉयल होटल सागर रोड में गलत काम की सूचना मिलने पर

# बजरंग दल ने किया हंगामा

### सिविल लाईन पुलिस ने मैनेजर को लिया हिरासत में




छतरपुर। पिछले कुछ समय से छतरपुर जिला लवजिहाद का प्रमुख अड्डा बनता जा रहा है। आये दिन कहीं मंदिर में या फिर सार्वजनिक स्थलों पर लवजिहाद की घटनाएं सुनने को मिलती है।

मंगलवार को सागर रोड़ पर स्थित दा रायॅल होटल में एक युवक और युवती के होने की खबर मिलने पर बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता व सिविल टीआई सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। लेकिन तब तक वहां पर ना तो लड़की मिली और न ही लड़का मिला जिस को लेकर बजरंग दल ने हगांमा किया। बजरंग दल के सूरज सिंह बुंदेला ने होटल मैनेजर पर लड़का और लड़की को भगाने का आरोप लगाया और यह भी चेतावनी दी की होटल खोलकर देखे। सिविल लाईन टीआई सतीश सिंह ने होटल का रिकार्ड चेक किया और सीसीटीव्वी फुटेज भी खंगाले लेकिन रिकार्ड चेक करने और सीसीटीव्वी फुटेज खगालने के दौरान क्या सबूत मिले। इस संबंध में टीआई ने कहा कि बाद में बताएंगे, लेकिन इतना जरूर है कि सिविल लाईन पुलिस होटल के मैनेजर को अपने साथ जरूर ले गई है। बजरंग दल के सूरज सिंह बुंदेला का कहना है कि घटना करीब दोपहर 1 बजे की है मुस्लिम लड़का नूर मोहम्मद एक हिन्दू लड़की को लेकर दा रायॅल होटल में पहुंचा था। जिसकी जानकारी लगने पर और बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं व पुलिस के साथ होटल पर पहुंचे तो पता चला कि पहले होटल मैनेजर ने लड़की को भगा दिया था और बाद में वहां से मुस्लिम लड़के को भी भगा दिया।

पुलिस और हिन्दू संगठनों के पहुंचने पर होटल रायॅल के सामने दर्शकों की भारी भीड़ लग गई। वहीं यह भी चर्चा है कि जो मुस्लिम लड़का नूर मोहम्मद लड़की को लेकर वहां पहुंचा उसकी गाड़ी भी होटल के सामने खड़ी पाई गई है। हालांकि जांच पड़ताल के दौरान काफी गहमागहमी का माहौल भी रहा। इसके पहले भी दा होटल रायॅल में इस तरह की अनैतिक गतिविधियाँ पकड़ी गई थी। लेकिन अब तक क्या कार्यवाही हुई इस संबंध में कोई सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी नही की गई है। जिससे लगातार लवजिहाद की घटनाएं बढती जा रही है शहर के अन्य होटलों में भी खासकर बस स्टैण्ड के आसपास इस तरह की गतिविधियां होती है। लेकिन जब तक हिन्दू संगठन और पुलिस पहुंचती है तब तक इस लवजिहाद से जुड़े लोग होटल से गायब हो जाते है, और इन्हें गायब करने में होटल के मैनेजरों का पूरा हाथ रहता है। क्योंकि होटल प्रबंधन आर्थिक लाभ के लिए बिना कोई आईडी लिए संदिग्ध लोगों को रूकने के लिए कमरा उपलब्ध करा देते है। प्रशासन को इस संबंध में गहन जांच करानी चाहिए कि आखिर होटल प्रबंधन लड़का लड़की को कमरा देते समय आईडी क्यों नही लेता है। अगर इसकी सही जांच हो जाए तो कई होटल प्रबंधन संदेह के घेरे में आ जाएगे।

## कर्मचारियों की 46 सूत्रीय मांगों को लेकर बीएमएस ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन




छतरपुर।

**कर्मचारियों और श्रमिकों की विभिन्न लंबित मांगों के निराकरण की मांग को लेकर भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) जिला इकाई छतरपुर ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम जिला कोषालय अधिकारी विनोद श्रीवास्तव को 46 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। यह ज्ञापन प्रदेश इकाई के निर्देश पर सभी जिलों में एक साथ सौंपा गया।**

बीएमएस जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया कि ज्ञापन में नियमित, संविदा, आउटसोर्स, स्थाई कर्मियों, दैनिक वेतनभोगियों, कार्यभारित कर्मचारियों, पंचायत सचिव, पटवारी, स्कीम वर्कर्स (आंगनबाड़ी, आशा), भवन एवं सन्निर्माण श्रमिक, चालक-परिचालक, तुलावटी, हम्माल सहित विभिन्न श्रमिक-वर्गों की समस्याओं को समाहित किया गया है।ज्ञापन में प्रमुख रूप से आउटसोर्स कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु हरियाणा की तर्ज पर 'सिक्योरिटी ऑफ सर्विस एक्ट लागू करने या उत्तर प्रदेश की तरह आउटसोर्स सेवा निगम लिमिटेड गठित करने, संविदा कर्मचारियों को नियमित कर्मियों के समान लाभ देने, 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके दैनिक वेतनभोगियों को स्थाई करने, तथा 2007 से अब तक नगरीय निकायों में कार्यरत सभी दैनिक वेतनभोगी एवं मासिक कर्मचारियों को नियमित/विनियमित करने जैसी मांगें शामिल हैं।

ज्ञापन सौंपने के दौरान बीएमएस विभाग प्रमुख अशोक पटेरिया, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बुंदेला, उपाध्यक्ष अनिल सेन, वीरेंद्र सिंगोट, अर्चना साहू, जिला मंत्री डॉ. राजेन्द्र सिंह, सहमंत्री राजेन्द्र चौरसिया, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र चतुर्वेदी, विनोद सैनी (बिजली कर्मचारी महासंघ), नूतन सोनी (मीटर रीडर संघ), आदित्य बाल्मीकि (सफाई मजदूर संघ), श्रीकांत मिश्रा (राज्य कर्मचारी संघ), नीतू राजा (आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संघ), दीपेश नायक (संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ), पीयूष मिश्रा (बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संघ), द्वारिका प्रसाद प्यासी (अतिथि शिक्षक संघ) सहित अनेक कर्मचारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मां ने बेटी को घर वापस लाने एसपी को दिया आवेदन



छतरपुर।

एक ओर मां अपनी बेटी को घर वापस लाने के लिए दर-दर भटक रही है, वहीं दूसरी ओर वही बेटी अपने परिवार पर गंभीर प्रताडऩा के आरोप लगा रही है। दोनों पक्षों के आरोप सामने आने के बाद मामला और संवेदनशील हो गया है।

### मां ने अधिवक्ता पर लगाए गंभीर आरोप -

मंगलवार को अलका रानी नामक महिला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर लिखित आवेदन दिया। उनका कहना है कि उनकी बेटी पिछले चार महीनों से घर नहीं लौट रही है और अधिवक्ता इम्तियाज़ अहमद सिद्दीकी के संपर्क में रहते हुए संदिग्ध परिस्थितियों में है। अलका रानी ने आरोप लगाया कि अधिवक्ता द्वारा उनकी बेटी को मानसिक रूप से प्रभावित किया गया है। यहां तक कि दवाइयाँ देकर ब्रेनवॉश तक किया गया है। चार महीनों से बेटी सामान्य संपर्क में नहीं है और दीपावली के पहले पासपोर्ट लेने घर आई तो भी वह डरी-सहमी दिखी। मां का कहना है कि बेटी उन्हें पहचान तक नहीं पा रही और सौतेली मां कहकर संबोधित कर रही है, जिससे आशंका है कि वह मानसिक दबाव में है। महिला ने बेटी की सुरक्षा को लेकर तत्काल जांच एवं मेडिकल/मानसिक परीक्षण की मांग की है। साथ ही कहा कि बेटी को किसी भी प्रकार की हानि होती है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिवक्ता की होगी।

### वहीं बेटी ने परिवार पर लगाए प्रताड़ना के गंभीर आरोप



उधर, दिवंगत रामाश्रय प्रसाद की बेटी एवं अधिवक्ता करुणा प्रसाद ने उलटे अपनी मां अलका रानी, सौतेले पिता देवानंद पोनरामचेट्टी और बहन कृति प्रसाद पर ही गंभीर आरोप लगाए हैं। करुणा का कहना है कि पिता की मृत्यु के बाद परिवार का व्यवहार उसके प्रति बदल गया। सौतेली मानसिकता रखते हुए उस पर जबरन शादी और बैंक दस्तावेजों/एफडी पर गलत तरीके से हस्ताक्षर कराने का दबाव बनाया गया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई, जिसकी शिकायत वह पहले ही खजुराहो थाने में कर चुकी है। युवती के अनुसार एक दिन घर से मारपीट कर निकाल दिया गया और उसका सामान बाहर फेंक दिया गया। इसके बाद वह छतरपुर में किराए के मकान में अकेले रहकर वकालत कर रही है।

#### सीनियर अधिवक्ताओं ने दिया साथ

वरिष्ठ अधिवक्ता इम्तियाज सिद्दीकी, शकुंतला अहिरवार और रामबहादुर प्रजापति ने करुणा का समर्थन करते हुए कहा कि युवती परिवार से लगातार प्रताड़ित होती रही है और घर से निकाले जाने के बाद भी वह हिम्मत से वकालत कर रही है। वे उसे अपनी छोटी बहन की तरह मार्गदर्शन दे रहे हैं।करुणा का कहना है कि वह अपने पिता की छोड़ी गई एफडी व दस्तावेजों पर जबरन हस्ताक्षर कराने की कोशिश का विरोध कर रही है और इसी वजह से उसकी बदनामी की जा रही है। वह वकालत के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाना चाहती है, परंतु परिवार उसे मानसिक, शारीरिक और सामाजिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है।

## बागेश्वर महाराज ने कहा दुनिया ने देखा हिंदुओं का ज्वार भाटा

## सड़क पर दिखा हिंदुओं का चलता समुद्र: पं. धीरेंद्र शास्त्री

### अंगूर की कीमत गुच्छे में है अलग होने में नहीं सभी पदयात्रियों का महाराज श्री ने जताया आभार, एकजुट बने रहने का किया आह्वान



छतरपुर।

दिल्ली से वृंदावन तक सनातन हिंदू एकता पदयात्रा के निर्विघ्न संपन्न होने पर बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सभी पदयात्रियों एवं प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े रहने वालों का धन्यवाद करते हुए कहा कि पूरी दुनिया ने हिंदुओं का ज्वार भाटा देखा है। उन्होंने कहा कि यह हिंदुओं का सड़क पर चलने वाला समुद्र था। सबने भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का जो प्रण लिया है वह सभी के एकजुट बने रहने से अवश्य पूरा होगा।

गत 7 नवंबर से दिल्ली के कात्यायनी शक्तिपीठ से शुरू हुई सनातन हिंदू एकता पदयात्रा के 16 नवंबर को विश्राम होने के समय महाराज श्री ने बांके बिहारी के दर्शन किए और वापस बागेश्वर धाम आ गए। उन्होंने मंगलवार को बालाजी के दर्शन करते हुए उनकी पूजा अर्चना की। पुरानी पेशी का दरबार लगाते हुए सबको आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि हनुमान जी के प्रभाव से यात्रा निर्विघ्न संपन्न हुई। सभी लोग हनुमान जी पर भरोसा रखें, सब संकट दूर हो जाएंगे। इतनी बड़ी यात्रा के बीच कई झंझट आए, आतंकवादी पीछे लगे, फरीदाबाद में भारी विस्फोटक मिला, हथियार मिले, इन सबका मकसद यात्रा को रोकना था लेकिन बालाजी ने यात्रा नहीं रुकने दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से सिर्फ कठपुतली दिखाई देती है लेकिन कठपुतली को चलाने वाला कोई और होता है। ठीक उसी तरह से हम सब पदयात्री के रूप में दिखाई देते रहे लेकिन चलाते बालाजी रहे। उन्होंने कहा कि हनुमान जी की पूंछ पर आग लगाने की कोशिश वालों के घर जल गए, पूंछ सुरक्षित है।

### पदयात्रा से त्वरित मिली तीन सफलताएं

बागेश्वर महाराज ने कहा कि पदयात्रा का संदेश दूर-दूर तक जा रहा है। इस पदयात्रा की तीन सफलताएं त्वरित दिखाई दे रही है। पहली सफलता यह कि हिंदू एकता को इससे ताकत मिली है। दूसरी सफलता समरसता का संदेश है। रास्ते में जहां भी उन लोगों के साथ बैठकर भोजन पाया जिन्हें लोग अछूत कहते हैं वहां उन गांवों में समरसता की चर्चा हुई। सभी ने छुआछूत मिटाकर सबके साथ एक भाव रखने का काम शुरू किया। तीसरी सफलता वृंदावन में मदिरा की खुली दुकान को बंद करने की कार्रवाई शुरू होना है।

## पुलिस ने खोज निकाली चोरी की दो दर्जन मोटर साइकिलें

### अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का हुआ पर्दाफाश



छतरपुर।

छतरपुर पुलिस ने एक बड़े अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के सरगना सहित तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के विशेष निर्देश पर तकनीकी निगरानी और मुखबिर तंत्र के समन्वय से की गई। इस निर्णायक धरपकड़ के फलस्वरूप छतरपुर, पन्ना, दतिया, जालौन और महोबा जिलों से चोरी की गई करीब दो दर्जन मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अवैध हथियार और पॉक्सो जैसे गंभीर अपराधों में पहले से ही संलिप्त रहे हैं।

मंगलवार को पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में कार्रवाई की जानकारी देते हुए एएसपी आदित्य पटले ने बताया कि थाना सिविल लाइन एवं थाना कोतवाली क्षेत्रों में जिला अस्पताल, स्टेडियम, सटई रोड, सब्जी मंडी गेट, चौक बाजार जैसे विभिन्न स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी संबंधी लगातार मिल रही रिपोर्टों पर पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा पुलिस टीम गठित कर निरंतर निगरानी की जा रही थी। पुलिस टीम द्वारा भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य एकत्र करते हुए अंतरराज्यीय स्तर पर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। क्षेत्र में मूवमेंट कर रहे संदेही से पूछताछ में चोरी की कड़ी का खुलासा हुआ और उसमें लिप्त अन्य आरोपियों की जानकारी प्राप्त हुई। पुलिस टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर की गई छापामार कार्यवाही के बाद गिरोह के सरगना कल्लू उर्फ मंगल दीन पाल पिता नत्थू पाल, निवासी खटक्याना मोहल्ला, छतरपुर, अंकित यादव पिता कालका यादव, निवासी गिलौंहा, लवकुशनगर, वसीम खान पिता जहूर खान, निवासी गिरधौरी, लवकुशनगर को गिरफ्तार किया गया। एएसपी श्री पटले ने बताया कि गिरफ्तार सरगना कल्लू पाल अवैध हथियार और मारपीट जैसे तीन अपराधों में, अंकित यादव चोरी के अपराधों में और वसीम खान पोक्सो एक्ट जैसे अपराध में पूर्व से लिप्त हैं। आरोपियों के पास से हीरो एच.एफ. डीलक्स, स्प्लेंडर, पल्सर, टी.वी.एस. स्पोर्ट सहित 23 मोटरसाइकिलें बरामद की गईं, जो छतरपुर, पन्ना, जालौन, दतिया, महोबा जिलों से संबंधित हैं। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष में यह सातवाँ बड़ा गिरोह है जिसका पर्दाफाश किया गया है, जिसके साथ कुल 140 से अधिक मोटरसाइकिलें बरामद की जा चुकी हैं।

## एनटीपीसी विंध्याचल में नॉर्दर्न रीजन जॉइंट प्रोडक्टिविटी काउंसिल की बैठक सम्पन्न, उत्पादकता और सुरक्षा को मिली नई दिशा

**सिंगरौली। विंध्याचल में नॉर्दर्न रीजन जॉइंट प्रोडक्टिविटी काउंसिल (RJPC) की बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्रीय परियोजनाओं के प्रतिनिधियों ने उत्पादकता, सुरक्षा और नवाचार पर केंद्रित विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम के तहत आरजेपीसी के गणमान्य सदस्यों ने प्लांट भ्रमण भी किया, जहां श्री गौतम देव ने औपचारिक रूप से CO बॉटलिंग प्लांट का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने स्टेज-III कंट्रोल रूम का अवलोकन किया तथा संचालन विभाग के अधिकारियों से संवाद कर उनकी पहल और कार्यप्रणाली की सराहना की। यह भ्रमण स्टेशन की हरित पहल एवं नवोन्मेषी कदमों को नजदीक से समझने का अवसर प्रदान करता है।**

बैठक के दौरान विभिन्न परियोजनाओं की टीमों ने उत्पादकता बढ़ाने और कार्यकुशलता में सुधार से संबंधित अपने सर्वश्रेष्ठ अभ्यास और नवाचार प्रस्तुत किए।



मूल्यांकन के बाद चयनित टीमों, जिसमें झज्जर को प्रथम पुरस्कार , मेजा को द्वितीय पुरस्कार, विंध्याचल को तृतीय पुरस्कार एवं ऊंचाहार व सिंगरौली को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बैठक का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसे




श्री गौतम देव ने वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न किया। इस अवसर पर एनटीपीसी की उत्तरी क्षेत्र की परियोजनाओं में उत्पादकता मानकों को निरंतर ऊँचा उठाने के संकल्प को दोहराया गया।

## खबर संक्षेप

### मुख्य सचिव की वीडियो कान्फ्रेंसिंग आज

**रीवा।** मुख्य सचिव अनुराग जैन वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कान्फ्रेंस के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करेंगे। वीडियो कान्फ्रेंसिंग 19 नवम्बर को सुबह 11 बजे से आयोजित होगी। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में सभी वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी शामिल होंगे।

### उद्यमिता, नवाचार और तकनीकी कौशल संचार के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज ने सविष्कार के साथ किया एमओयू

**रीवा।** रीवा इंजीनियरिंग महाविद्यालय और सविष्कार महाकौशल प्रांत के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जो दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए तकनीकी कौशल, उद्यमिता, नवाचार के साथ साथ स्टार्टअप की दिशा में विभिन्न कार्ययोजनाओं और कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने के लिए प्रभावी होगा।

सविष्कार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का एक महत्वपूर्ण आयाम है जो विगत कई वर्षों से युवाओं को नवाचार, स्वरोजगार, नवीन टेक्नोलॉजी और उद्यमिता के क्षेत्र में प्रोत्साहित करता है। एमओयू हस्ताक्षर समारोह के कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर पी तिवारी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ सन्दीप पांडेय, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकौशल प्रांत के प्रांत सह-संगठन मंत्री आशीष शर्मा रीवा विभाग के विभाग संगठन मन्त्री प्रभात तिवारी, महाकौशल प्रांत सविष्कार सह-संयोजक ओम गुप्ता, जिला संयोजक पी.एन. पांडेय उपस्थित रहे।

### जिले में मॉडिफाइड वाहनों पर हुई कार्रवाई, चार वाहन जप्त



**रीवा।** कलेक्टर के निर्देश पर जिले में अवैध रूप से मॉडिफाइड वाहनों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत परिवहन विभाग ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। विभागीय टीम ने सिरमौर चौराहा और टीआरएस कॉलेज चौराहा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान चार मॉडिफाइड चारपहिया वाहनों को मौके पर ही जप्त कर लिया। ये वाहन आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक और मोबाइल एसेसरीज आदि की दुकानें बनाकर चलाए जा रहे थे। जप्त किए गए सभी वाहनों को परिवहन कार्यालय रीवा में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। विभाग ने वाहन मालिकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने मूल दस्तावेजों सहित निर्धारित समयावधि में कार्यालय पहुंचकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। दस्तावेज अवैध पाए जाने या मॉडिफिकेशन मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों के विरुद्ध होने पर संबंधित वाहनों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कलेक्टर के आदेशानुसार यह अभियान लगातार जारी रहेगा। ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले, सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले और मूल स्वरूप में अवैध बदलाव किए गए वाहनों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। कई मॉडिफाइड वाहनों में मूल पंजीयन विवरण तक स्पष्ट नहीं रहता, जिससे ट्रेसिंग में कठिनाई आती है। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में किसी भी प्रकार का अवैध मॉडिफिकेशन न कराएं और सुरक्षित एवं नियमों के अनुरूप वाहन संचालन में सहयोग करें।

### अपर कलेक्टर ने 63 आवेदनों पर की जनसुनवाई

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में हर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने 63 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। अपर कलेक्टर ने आमजनों की समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्रों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित किया और निर्देश दिये कि आवेदन पत्रों का सात दिवस में निराकरण कर प्रतिवेदन दें। जनसुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने कई मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर गहन पुनरीक्षण कार्य का लिया जायजा

# मतदाता सत्यापन में लापरवाही पड़ी भारी, बीएलओ निलंबित

**रीवा। जिले भर में सभी विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है। मतदाता के सत्यापन के लिए गणना पत्रक घर-घर जाकर वितरित कर दिए गए हैं। अब बीएलओ तथा अन्य कर्मचारी गणना पत्रक मतदाता से प्राप्त करके उसका डिजिटाइजेशन कर रहे हैं।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने रीवा विधानसभा क्षेत्र में कई मतदान केंद्रों का भ्रमण करके मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया। कलेक्टर ने नेहरू नगर में सामुदायिक भवन मतदान केंद्र क्रमांक 82 के निरीक्षण के दौरान बीएलओ मधु गुप्ता से जानकारी ली। बीएलओ द्वारा गणना पत्रक के संबंध में संतोषजनक जानकारी नहीं दी गई। मौके पर उपस्थित कई मतदाताओं ने बीएलओ द्वारा



कार्य न करने तथा गणना पत्रक वितरित न करने की शिकायत की। कलेक्टर ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए बीएलओ को निलंबित करने के आदेश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी के साथ मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। मतदाताओं के सत्यापन का कार्य तय समय सीमा में पूरा करें। इसके बाद कलेक्टर ने पीके स्कूल के समीप जोन क्रमांक तीन में एसआईआर हेल्प डेस्क सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने गणना पत्रक भरे जाने तथा डिजिटाइजेशन की जानकारी ली। निरीक्षण के समय एसडीएम हुजूर डॉ अनुराग तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक, नायब तहसीलदार तेजपति सिंह तथा अन्य कर्मचारी एवं मतदाता उपस्थित रहे।

# रोजगार मेला शासकीय आईटीआई रीवा में आज

**रीवा।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत शासकीय आईटीआई रीवा में 19 नवम्बर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मेला के आयोजन के लिये विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। रोजगार मेले में 24 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 7000 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में मिग्मा पैकट्रॉन प्रा. लि. इंदौर, एमआरएफ टायर्स भारूच गुजरात, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स बैंगलोर, टाटा मोटर प्रा. लि. सानन्द अहमदाबाद गुजरात, हायर अप्लायंसेज इंडिया लि. रंजनगांव पुणे, प्रगतिशील बॉयोटेक प्रा.लि. रीवा, अलर्ट एसजीएस प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़, सिटी कार प्रा.लि. सतना, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा.लि. रीवा, फ्रिडम इम्प्लायबिल्टी एकेडमी रीवा, एचडीएफसी लाईफ इश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड रीवा, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा.लि. रीवा, बजाज ऑटो लि. पुणे वालुज पंतनगर, रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. (सोलर) जामनगर गुजरात, एमआरएफ लिमिटेड दहज, इंडुरेंश प्रा. लि. पुणे/चेन्नई/ औरंगाबाद, डी मार्ट पुणे, इंडसिंड बैंक बीएफएलएल, एक्सिस बैंक प्रा. लि., बंसल वायर इंडस्ट्रीज ग्रेटर, जीबीएम ग्रीन एनर्जी सिस्टम प्रा. लि. बाबल हरियाणा, एचडीबी फाइनेन्स रीवा, मदर्सन मेट आटो मोटिव लि. सानन्द गुजरात, श्रीराम पिस्टन एण्ड रिंग लि. पथरेडी राजस्थान की कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

# युवा एकता परिषद की मध्यप्रदेश इकाई भंग 1 दिसंबर से चालू होगा वृहद सदस्यता अभियान

### 15 जनवरी को होगी 2026 की नवीन कमेटी की घोषणा

**रीवा।** विंध्य क्षेत्र का चर्चित व सामाजिक दायित्व के प्रति समर्पित संगठन युवा एकता परिषद युवा आगाज के संगठन प्रमुख पंडित सचिन शर्मा सूर्या ने जारी विज्ञप्ति से माध्यम से बताया है की युवा एकता परिषद की वर्ष 2025 की मध्यप्रदेश इकाई को भंग कर दिया गया है, जिसके तहत कोई भी साथी पूर्व में दिए गए पद का उपयोग नहीं कर सकेगा। जबकि 1 दिसंबर से बृहद सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, जिसके लिए सदस्यता प्रभारी नियुक्त किए जाएँगे। कार्यालयीन समय में हनुमत कांप्लेक्स, राजीव मार्ग मोड़, निराला नगर कार्यालय या सदस्यता प्रभारियों से सदस्यता फार्म प्राप्त कर सकते हैं जिसे 5 जनवरी तक भरकर जमा करना अनिवार्य है। तत्पश्चात 15 जनवरी को युवा एकता परिषद की वर्ष 2026 की नवीन कमेटी की घोषणा की जाएगी। इसके बाद युवा हुंकार कार्यक्रम के तहत नववर्ष मिलन समारोह एवं नवीन पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पूर्व के सक्रिय साथियों, समाज के सच्चे सेवकों, उत्कृष्ठ कार्य करने वाले साथियों को सम्मानित करते हुए वर्ष 2026 के नवीन कैलेंडर का विमोचन किया जाएगा। युवा एकता परिषद मध्यप्रदेश के प्रभारी दीपक मिश्रा बोस ने समय पर सदस्यता फार्म भरकर संगठन से जुड़ने हेतु प्रदेशभर के युवाओं से आह्वान किया है।

### स्व. इन्द्रजीत कुमार की 7वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**रीवा।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में विंध्य के कद्दावर नेता एवं मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री स्व. इन्द्रजीत कुमार पटेल की सातवीं पुण्यतिथि पर उर्रहट स्थित कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू ने की।कार्यक्रम की शुरुआत स्व. पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। सभी कांग्रेसजनों ने उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा।संगोष्ठी को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष अशोक पटेल ने कहा कि स्व. इन्द्रजीत कुमार पटेल विंध्य के अत्यंत लोकप्रिय, सरल एवं जनसेवी नेता थे। ग्राम पंचायत के पंच के रूप में राजनीति आरंभ करने वाले पटेल ने अपने विनम्र स्वभाव, कुशल नेतृत्व और जनसेवा की भावना से जनता का अटूट विश्वास जीता। वे लगातार सात बार सीधी विधानसभा के विधायक रहे और मध्यप्रदेश शासन में कई विभागों के मंत्री पद पर रहते हुए महत्वपूर्ण कार्यों की मिसाल कायम की।अशोक पटेल ने कहा वे ऐसे नेता थे जिनसे मिलने वाला कोई भी व्यक्ति निराश नहीं लौटता था। कार्यक्रम का संचालन सत्यनारायण तिवारी ने किया तथा आभार प्रदर्शन ब्लॉक अध्यक्ष रामकीर्ति शर्मा ने किया।

# महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा की वैश्विक प्रासंगिकता विषय पर राष्ट्रीय वेबीनार आयोजित




**रीवा।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में शासकीय महाविद्यालय बैकुण्ठपुर में मंगलवार को भारतीय ज्ञान परंपरा वैश्विक परिदृश्य में प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय वेबीनार का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरिचरण अहिरवार के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। वेबीनार के मुख्य संरक्षक के रूप में डॉ. आर.पी. सिंह, अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, रीवा संभाग तथा संरक्षक के रूप में डॉ. आर.एन. तिवारी, प्राचार्य, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, रीवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अनुराग कुमार, विभागाध्यक्ष, स्कूल ऑफ लैंग्वेज एंड लिटरेचर, एस.एम.वी.डी. विश्वविद्यालय, कटरा (जम्मू) तथा विषय विशेषज्ञ प्रो. नोलिमा सिंह, विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग, राजर्षि टण्डन महिला महाविद्यालय, प्रयागराज (उ.प्र.) ने भारतीय ज्ञान परंपरा की विशेषताओं, उसकी वैश्विक स्वीकार्यता और आधुनिक विश्व में उसकी प्रासंगिकता पर अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। वेबीनार के विषय का प्रवर्तन डॉ. मानेन्द्र सिंह ने किया, जबकि कार्यक्रम का उपसंहार डॉ. लवकुश दीपेन्द्र, सहायक प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर, शहडोल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष मार्गदर्शन डॉ. एस.पी. शुक्ला (पीटीआरएस महाविद्यालय रीवा), प्रो. प्रशांत कुमार चौरसिया (सहायक प्रा., जीडीसी रीवा), तथा डॉ. मो. जावेद कुरैशी (प्रयो.तक. शिक्षक एवं निज सचिव, विधायक सिरमौर) द्वारा प्रदान किया गया।वेबीनार के विशेष सलाहकार मंडल में डॉ. भारतेन्दु मिश्रा (लाइब्रेरियन, शा.आ.वि. महाविद्यालय रीवा), डॉ. योगेन्द्र तिवारी (प्राचार्य, शास. विधि महाविद्यालय रीवा), डॉ. गुलशेर अहमद (सहायक प्राध्यापक), डॉ. अश्वनी क्ष्विदी (सहायक प्राध्यापक) तथा डॉ. कृष्ण बिहारी रॉय (सहायक प्राध्यापक) शामिल रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन वेबीनार आयोजन सचिव डॉ. सचिन कुमार श्रीवास्तव ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. नितिन बिष्ट (सहायक प्राध्यापक, गणित) द्वारा व्यक्त किया गया। महाविद्यालय के स्टाफ डॉ. अंकिता गुप्ता, डॉ. पूजा पांडेय और डॉ. शिवा शर्मा ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वेबीनार में तकनीकी सहयोग डॉ. अभिमन्यु सिंह (अतिथि विद्वान, इतिहास), मुख्तार अहमद और प्रकाश शुक्ला द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में देशभर से शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयामों पर विचार-विमर्श किया।

# विशेष महानिदेशक जेल ने केंद्रीय जेल रीवा का किया औचक निरीक्षण



**रीवा।** विशेष महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं जी. अखेतो सेमा ने केंद्रीय जेल रीवा का आकस्मिक एवं विस्तृत निरीक्षण किया। यह दौरा जेल सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने और बंदियों के कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। श्री सेमा ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, सी.सी.टी.वी. कंट्रोल रूम, इलेक्ट्रिक फेंसिंग, पाकशाला एवं बंदियों के लिए तैयार हो रहे भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। उन्होंने जेल में बंद 22 बंदियों को मार्कशीट वितरित करते हुए व्यक्तिगत रूप से बधाई दी जिन्होंने नेशनल ओपन स्कूल से 10वीं, भोज विश्वविद्यालय से एमएसडब्ल्यू तथा डिप्लोमा और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। महानिदेशक ने बंदियों को कौशल और समाज की मुख्यधारा में शामिल करने हेतु शिक्षा एवं जागरूकता के महत्व पर विशेष बल दिया। उन्होंने बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने के 20-20 बंदी क्षमता की 16 नई निर्माणाधीन बैरक के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा इन्हें समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, उप जेल अधीक्षक (प्रशासन) संजीव कुमार गेंदले, उप जेल अधीक्षक योगेन्द्र परमार, सहायक जेल अधीक्षक श्याम सिंह कुशवाहा एवं श्रीमती पूजा मिश्रा सहित समस्त जेल स्टाफ उपस्थित रहा। श्री सेमा ने जेल प्रशासन को बंदियों के सुधारात्मक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने और उन्हें भविष्य में एक बेहतर जीवन जीने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया।

# बच्चों को साइबर सुरक्षा, गुड टच बैड टच और सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव की दी जानकारी



### मिशन वात्सल्य योजना के तहत कार्यशाला का किया गया आयोजन

**रीवा।** मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत गत दिवस ज्ञानोदय विद्यालय एवं छात्रावास में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डीएसपी प्रतिभा शर्मा ने बच्चों को करियॅर गाइडेंस के तहत पुलिस विभाग में जाने के लिए तैयारी करने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने इसके साथ ही साइबर अपराध से सुरक्षा के बारे में बच्चों को जागरूक किया। थाना प्रभारी निशा मिश्रा बच्चों को हिडन कैमरे तथा सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। बाल संरक्षण अधिकारी स्वाति श्रीवास्तव ने गुड टच बैड टच और विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिक्षिका मनु सिंह ने बच्चों को बोर्ड एग्जाम की तैयारी करने की टिप्स बताई। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान टाइम मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देना होगा और सोशल मीडिया से भी दूर रहना होगा। कार्यशाला में बेनिसन हेल्पिंग वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष श्लेषा शुक्ला, अमर सिंह ने बच्चों से कहा कि अपना रोल मॉडल किसी सफल व्यक्ति को बनाएं।

### बाबू जगजीवन राम छात्रावास में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत बाबू जगजीवन राम छात्रावास में भी बालिकाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की बाल संरक्षण अधिकारी स्वाती श्रीवास्तव, बाल संप्रेषण गृह की अधीक्षक अर्चना पचौरी तथा अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के समन्वयक सुमित सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बालिकाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता, बाल अधिकारों एवं सुरक्षा के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मिशन वात्सल्य का उद्देश्य प्रत्येक बालक एवं बालिका को सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर हॉस्टल अधीक्षका सहित छात्रावास की सभी बालिकाएं उपस्थित रहीं।

## दो सीडीपीओ और दो बीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने गूगल मीट के माध्यम से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्य को गंभीरता से लेने और शत-प्रतिशत त्रुटिरहित सुनिश्चित करने पर जोर दिया। यह पुनरीक्षण कार्य जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ लेवल अधिकारी द्वारा किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि बीएलओ साथ-साथ इस कार्य में ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय, महिला एवं बाल विकास विभाग और राजस्व विभाग की टीम भी सहयोग कर रही है। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने पाया कि कुछ क्षेत्रों में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। कार्य की गंभीरता को देखते हुए और कड़ा रुख अपनाते हुए कलेक्टर ने तत्काल संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मनगवां और जवा के बाल विकास परियोजना अधिकारी तथा सिरमौर और जवा के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए कि सभी अधिकारी और कर्मचारी इस कार्य को निर्धारित समय-सीमा और निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार पूर्ण करें।

# मऊगंज के शहीद केदारनाथ शा महाविद्यालय में छात्रों ने ली नशामुक्ति की शपथ

### नशामुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ पर विशाल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मऊगंज। भारत सरकार के नशामुक्त भारत अभियान (NMBA) की पाँचवीं वर्षगांठ के अवसर पर संस्था रमाशिव बहुउद्देशीय विकास समिति, मऊगंज द्वारा एक वृहद नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय, मऊगंज में किया गया।**




कार्यक्रम में संस्था के संचालक विकान्त द्विवेदी, एस.डी.ओ.पी. मऊगंज सची पाठक, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी मऊगंज अजय सिंह एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। जागरूकता सत्र में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों, सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी हानियों से अवगत कराया गया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों से नशामुक्त और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान सभी छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही नशामुक्त भारत अभियान के पोर्टल nmba.dosje.gov.in के माध्यम से विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन भी कराया गया, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने मऊगंज जिले को नशामुक्त बनाने की शपथ ली और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।